2

कविता

सिला बीनती लड़कियाँ

एकांत श्रीवास्तव

धान-कटाई के बाद
ख़ाली खेतों में
वे रंगीन चिड़ियों की तरह उतरती हैं
सिला बीनने झुंड की झुंड
और एक खेत से दूसरे खेत में
उड़ती फिरती हैं

» खाली खेत में लड़कियाँ क्यों आती होंगी ? ...

दूबराज हो
विष्णुभोग या नागकेसर
वे रंग और खुशबू से
उन्हें पहचान लेती हैं

» धान को पहचानने की क्षमता लड़कियों को कैसे मिली होगी ? ...



दोपहर भर फैली रहती है
पीली धूप में उनकी हँसी
और गुनगुनाहट

उनके बालों में हँसते रहते हैं
कनेर के फूल
और एक गुलाबी रोशनी
उनके चेहरे से फूटकर
फैलती रहती है धरती पर
जब झुकने लगते हैं दिन के कंधे
और उन्हें लगता है कि इतनी
बालियों से हो जाएगा तैयार
एक जून के लिए बटकी भर भात
वे लौट जाती हैं घर

» *पीली धूप में उनकी हँसी / और गुनगुनाहट –इन पंक्तियों का लड़कियों के जीवन से क्या संबंध है?*

जैसे चोंच मारकर उड़ जाने के बाद भी
बहुत देर तक भरा रहता है
पानी में जलपाँखी का संगीत
ख़ाली खेतों में
बहुत देर तक भरा रहता है
उनका होना।

» जलपाँखियों के चोंच मारने और लड़कियों के सिला बीनने में क्या संबंध है?

गतिविधियाँ

» **मिलान करें :**

रंगीन चिड़ियाँ	ज़िंदगी का तीखापन
गुलाबी रोशनी	खाने की तलाश
चोंच मारना	फैलती प्रसन्नता
पीली धूप	सिला बीनती लड़कियाँ

» **कविता के आधार पर सही आशय चुनकर लिखें :**

- धान कटाई के समय लड़कियाँ खेत में आती हैं।
- सिला बीनने के लिए लड़कियाँ खेत में आती हैं।
- दोपहर होने पर लड़कियाँ थक जाती हैं।
- लड़कियों के चेहरे की गुलाबी रोशनी धरती पर फैलती है।
- लड़कियाँ धान को पहचानने में असमर्थ होती हैं।
- लौटने के बाद भी खेत में लड़कियों की उपस्थिति भरी रहती है।
- केवल एक जून की बालियाँ लेकर लड़कियाँ घर लौटती हैं।

» **कविता की विश्लेषणात्मक टिप्पणी लिखें।**

अनुबद्ध कार्य

» **'प्रकाश की ओर'-** इकाई में आप उत्तर जीविता संबंधी रचनाओं से गुज़रे। अपने आसपास की उत्तर जीविता संबंधी झाँकियाँ एकत्रित करें और डिजिटल / चित्र एल्बम तैयार करें।

एकांत श्रीवास्तव

जन्म : 08 फरवरी 1964

एकांत श्रीवास्तव का जन्म छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुआ। कविता, निबंध, आलोचना आदि के क्षेत्र में वे प्रसिद्ध हैं। अन्न हैं मेरे शब्द, मिट्टी से कहूँगा धन्यवाद, बीज से फूल तक, पानी भीतर फूल आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। शरद बिल्लौरे सम्मान, रामविलास शर्मा सम्मान, केदार सम्मान आदि से वे पुरस्कृत हैं।

मदद लें :

सिला बीनना	-	നെൽക്കതിർ പെറുക്കിയെടുക്കുക, to pick stalks of rice, நெற்கதிர் பொறுக்குதல், ಭತ್ತದ ತೆನೆಯನ್ನುಹೆಕ್ಕಿತೆಗೆಯುವುದು
धान-कटाई	-	കൊയ്ത്ത്, harvest, அறுவடை, ಕೊಯ್ಲು

झुंड की झुंड	-	കൂട്ടം കൂട്ടമായി, in groups, கூட்டம் கூட்டமாக, ಗುಂಪು ಗುಂಪಾಗಿ
गुनगुनाहट	-	മൂളിപ്പാട്ട്, humming, வாய்க்குள் பாடுதல் , ಗುನುಗುತ್ತಾಹಾಡುವಹಾಡು
कनेर	-	അരളി, Oleander, அரளி,ಅರಳಿ ಹೂ
दिन के कंधे झुकना	-	सायंकाल होना
बाली	-	ധാന്യക്കതിര്, stalk of grain, தானியக்கதிர்,ಭತ್ತದತೆನೆ
एक जून के लिए	-	एक वक्त के लिए
बटकी	-	छोटा बर्तन
भात	-	उबला चावल
चोंच मारना	-	കൊത്തുക, to peck, கொத் துதல்,ಕುಕ್ಕುವುದು
जलपाँखी	-	ജലപക്ഷി, water bird , நீர்பறவை,ಜಲಪಕ್ಷಿ